दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, बुधवार 14 अगस्त 2019 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-01, अंक- 315

# देश भर में बारिश और बाढ़ से 187 की मौत

## » उत्तराखंड और जम्मू में बादल फटने से भारी तबाही

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** देश के विभिन्न हिस्सों में बारिश, बाढ़ एवं भूस्खलन की घटनाओं में मरने वालों की संख्या 187 तक पहुंच गयी है जबकि 108 अन्य लापता हैं। बारिश, बाढ़ एवं भूस्खलन के कारण कई लाख लोग प्रभावित हुए हैं और उनमें अधिकतर लोगों को राहत शिविरों में विस्थापितों के समान जिंदगी व्यतीत करना पड़ रहा है। सेना समेत विभिन्न सुरक्षा एवं बचाव एजेंसियां राहत तथा बचाव कार्य में जुटी हुई हैं। केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र तथा गुजरात में



स्थिति गंभीर बनी हुई है। इन राज्यों के कुछ इलाकों में जल का स्तर घटने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली है। केरल और कर्नाटक के कुछ हिस्सों में बाढ़ और भूस्खलन के कारण सबसे अधिक नुकसान हुआ है। अब तक केरल में सबसे अधिक 76 लोगों, कर्नाटक में 42, महाराष्ट्र में 30, गुजरात में 29, उत्तराखंड में आठ तथा हिमाचल प्रदेश में दो लोगों की मौत हो चुकी है।

उत्तराखंड के चमोली जिले में घाट क्षेत्र में सोमवार तड़के भारी बारिश के दौरान तीन अलग-अलग गांवों में हुई भूस्खलन की घटनाओं में तीन मकान ढह गए और मलबे के नीचे एक महिला और उसकी नौ माह की बेटी सहित छह व्यक्ति जिंदा दफन हो गए। यहां राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार, भूस्खलन का मलबा घाट क्षेत्र के बांजबगड, अलीगांव और लांखी गांवों में तीन मकानों पर गिर गया जिससे वे ढह गए और उनमें रहने वाले उसमें फंस गए। सभी छह व्यक्तियों की दम घुटने से मौत हो गई। मरने वालों में एक को छोडकर सभी महिलाएं हैं।

उधर, जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में भूस्खलन के दौरान एक चट्टान की चपेट में आने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गयी और दो अन्य घायल हो गये। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। महोर क्षेत्र में लार गांव का यह परिवार रविवार शाम को पास के जंगली इलाके में गया था, तभी भूस्खलन की घटना हुई। उन्होंने बताया कि वे एक बड़े पत्थर की चपेट में आ गये जिससे तीनों की मौत हो गयी और दो अन्य घायल हो गए।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### एनआरसी की प्रक्रिया दोबारा शुरू नहीं होगी

» सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की सरकार की अपील

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) की प्रक्रिया दोबारा शुरू करने की मांग को खारिज कर दिया है. केंद्र और असम सरकार ने इसको लेकर सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी. सरकार की दलील थी की नई सूची व्यापक और सही हो इसके लिए जरूरी है कि इसमें सभी वैध व्यक्तियों के नाम जोड़े जाएं और अवैध व्यक्तियों के नाम हटाए जाए, इसके लिए और समय की जरूरत है. सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आदेश दिया कि एनआरसी अंतिम सूची से बाहर रह गए लोगों के नाम 31 अगस्त को सिर्फ ऑनलाइन प्रकाशित किए जाएं. चीफ जस्टिस रंजन गोगोई और न्यायमूर्ति आर.एफ. नरीमन की पीठ ने कहा कि असम एनआरसी के आकंडों की सुरक्षा के लिए आधार जैसी उचित व्यवस्था होनी चाहिए. सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि एनआरसी बनाने की चल रही प्रक्रिया को कानूनी रूप से दी जा रही चुनौतियों के आधार पर दोबारा शुरू करने का आदेश नहीं दिया जा सकता. बता दें कि असम में एनआरसी का फाइनल ड्राफ्ट 30 जुलाई 2018 को जारी हुआ था जिसमें करीब 40 लाख लोग बाहर रह गए थे।

### इमरान ने कश्मीर मामले पर इंडोनेशिया के राष्ट्रपति को फोन किया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने कश्मीर मामले को लेकर वैश्विक नेताओं से संपर्क करने के अपने प्रयासों के तहत इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो से फोन पर बात की। भारत ने पिछले सप्ताह, जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 की अधिकतर धाराएं रद्द कर दीं और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों... जम्मू कश्मीर तथा लद्दाख में विभाजित कर दिया। भारत के इस कदम पर आपत्ति जाहिर करते हुए पाकिस्तान ने बुधवार को भारतीय उच्चायुक्त को निष्कासित कर राजनयिक संबंधों में कटौती कर दी तथा नयी दिल्ली के साथ व्यापार संबंधों को रोक दिया। ''द न्यूज इंटरनेशनल'' ने एक आधिकारिक बयान के हवाले से सोमवार को बताया कि इस घटनाक्रम के बाद इमरान खान तथा विडोडो के बीच फोन पर पहला संवाद हुआ। इमरान ने कहा कि ''बेकसूर कश्मीरियों के मारे जाने का गंभीर खतरा है'' और ऐसी त्रासदी को रोकना अंतरराष्ट्रीय समुदाय का दायित्व है। कश्मीर की स्थिति को लेकर इमरान पहले ही ब्रिटेन और मलेशिया के प्रधानमंत्रियों, तुर्की के राष्ट्रपति, सऊदी अरब के शहजादे और बहरीन के सम्राट से बात कर चुके हैं।

### सड़क पर सिरफिरे ने कई लोगों पर किया चाकू से वार

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के शहर सिडनी की एक सड़क पर तब खौफ का आलम छा गया जब हाथ में एक लड़का चाकू से राहगीरों पर वार करने लगा। वीन्यर्ड स्टेशन के पास सीबीडी के किंग और क्लियरेंस स्ट्रीट्स पर मंगलवार स्थानीय समय के मुताबिक दोपहर 2 बजे हुई इस घटना से लोग सकते में आ गए। हुडी पहना हुआ व्यक्ति एक बड़ा चाकू लिए सड़कों पर कोहराम मचाने लगा तो सैकड़ों लोग जान बचाकर भागने लगे। हालांकि, उस सिरफिरे ने कई लोगों को घायल कर दिया। पुलिस ने किसी तरह उस पर काबू पाया और उसे हिरासत में ले लिया। इस घटना के गवाह एक शख्स ने बताया कि करीब 20 वर्ष की उम्र का वह सिरफिरा करीब 30 सेंटीमीटर लंबी छुरी पकड़ रखा था। वह लोगों का पीछा करते हुए हमला करने लगा। लोगों जब उसके पागलपन की समझ आई तो कुछ जान बचाकर भागने लगे तो कुछ ने उसे रोकने की कोशिश की। एक ऊबर ड्राइवर ने बताया कि वह सिरफिर उसकी कार के बोनट पर कूद पड़ा। उसके हाथ में चाकू था और शर्ट पर खून के धब्बे लगे थे। एक महिला ने घटना का जिक्र करते हुए बताया कि सिरफिरे ने उसके सहकर्मी के बॉयफ्रेंड को चाकू मार दिया। लोगों ने उससे रोकने की कोशिश और कहा, तुम्हें पता भी है कि तुमने चाकू से कितने लोगों को घायल कर दिया है? तुमने दिनदहाड़े कई लोगों को चाकू मारा है।

# विक्रम लैंडर करोड़ों भारतीयों की तरफ से साराभाई को श्रद्धांजलि के रूप में चंद्रमा पर उतरेंगे:पीएम मोदी

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** इसरो के संस्थापक जनक डॉ. विक्रम साराभाई की जयंती का शताब्दी समारोह सोमवार को अहमदाबाद में इसरो, अंतरिक्ष विभाग, परमाणु ऊर्जा विभाग के अधिकारियों और साराभाई परिवार के सदस्यों की उपस्थिति में आरंभ हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक वीडियो संदेश के माध्यम से सभा को संबोधित किया।

पीएम ने अपने वीडियो संदेश में कहा कि यह डॉ. साराभाई को सही अर्थों में करोड़ों भारतीयों की ओर से श्रद्धांजलि होगी जब 'विक्रम' लैंडर चंद्रमा पर उतरेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि विक्रम साराभाई की विचारधारा भारत को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक शक्तिशाली देश बनने की दिशा में ले जाती है। मोदी ने कहा कि डॉ. होमी भाभा के निधन से भारतीय



विज्ञान की दुनिया में एक शून्य पैदा हो गया था। उस समय, विक्रम साराभाई ने अपने कौशल और नेतृत्व क्षमता के साथ विज्ञान को एक नया आयाम दिया।

मोदी ने डॉ. विक्रम साराभाई को विज्ञान के एक समर्पित योद्धा के रूप में बताते हुए कहा कि उन्होंने विज्ञान के साथ-साथ भारत की संस्कृति और संस्कृत भाषा को भी प्रोत्साहित किया। उन्होंने हमेशा छात्रों के लिए समय दिया। मोदी ने कहा कि डॉ. विक्रम साराभाई हमारे लिए एक विरासत छोड़ गए और इस विरासत को लोगों तक ले जाना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने स्कूली बच्चों को इसरो द्वारा शुरू किए गए ऑनलाइन स्पेस क्विज में भाग लेने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

इसरो के अध्यक्ष डॉ. के. सिवन ने डॉ. विक्रम साराभाई को एक महान संस्थान निर्माता करार दिया। उन्होंने कहा कि विक्रम साराभाई ने आधुनिक विज्ञान, भौतिक अनुसंधान और परमाणु ऊर्जा इत्यादि क्षेत्रों में संस्थानों की स्थापना के जरिए आधुनिक भारत के निर्माण में बहुत बड़ा योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि विक्रम साराभाई द्वारा स्थापित संस्थान आज उत्कृष्टता के केंद्र बन गए हैं। उन्होंने कहा कि इस अर्थ में डॉ. विक्रम साराभाई भारत के सच्चे पुत्र हैं।

उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान, डॉ. विक्रम साराभाई की जीवन गाथा पर एक एलबम, इसरो पर एक कॉफी टेबल बुक और परमाणु ऊर्जा विभाग से स्मारक सिक्का जारी किया गया। इस अवसर पर एक बस के भीतर 'स्पेस ऑन व्हील्स' एक प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया गया।

साल भर तक चलने वाले डॉ. विक्रम साराभाई शताब्दी कार्यक्रम में प्रदर्शनियां, स्कूली बच्चों के लिए प्रतियोगिताएं, पत्रकारिता पुरस्कार और विख्यात व्यक्तियों द्वारा व्याख्यान शामिल हैं। यह कार्यक्रम आज से शुरू होकर पूरे भारत के 100 चयनित शहरों में आयोजित किया जाएगा और 12 अगस्त, 2020 को तिरुवनंतपुरम में समापन समारोह के साथ सम्पन्न हो जाएगा।

# नक्सलियों ने बस जलाकर यात्रियों के मोबाईल लूटे

**नारायणपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में बीती रात माओवादियों ने एक बार फिर हिंसा का तांडव करते हुए भाठपाल आईटीबीपी कैम्प से महज एक किलोमीटर दूरी पर ही यात्री बस में आग लगा दी। आगजनी में बस पूरी तरह जलकर खाक हो गयी है। बस यात्री सभी सुरक्षित हैं।




पुलिस के मुताबिक कोंडागांव से रवाना हुयी देशलहरा बस्तर ट्रेवल्स की बस कल रात नारायणपुर के लिए रवाना हुयी थी। कोदागांव के कोकोड़ी नाला के समीप लगभग 25-30 नक्सलियों ने बस को रोक लिया। नक्सलियों ने बस से सभी यात्रियों को उतर जाने कहा और तत्पश्चात बस का डीजल टेंक फोड़कर उसमें आग लगा दी। आगजनी से पूर्व नक्सलियों ने बस में सवार लगभग दो दर्जन यात्रियों के मोबाईल लूट लिए। यात्रियों के साथ कोई मारपीट या बदसलूकी नहीं की गयी।

नारायणपुर एसपी मोहित गर्ग ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि आगनजी में शामिल नक्सलियों की तलाश में पुलिस पार्टियां रवाना कर दी गयी हैं।

# रूस में मिसाइल परीक्षण के दौरान हुए विस्फोट से सबक ले रहा अमेरिका : ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को कहा कि रूस में मिसाइल परीक्षण के दौरान हुए विस्फोट से वॉशिंगटन सबक ले रहा है। ट्रम्प ने ट्वीट किया, '' रूस में विफल हुए मिसाइल परीक्षण से अमेरिका सीख ले रहा है। हमारे पास वैसी ही, हालांकि उससे अधिक उन्नत, तकनीक है।'' राष्ट्रपति ने ट्वीट किया, '' रूस के 'स्काईफॉल' विस्फोट से केन्द्र के आसपास की हवा को लेकर भी लोग चिंतित हैं..।'' इस बीच, अमेरिकी विशेषज्ञ जोई सिरिनसिओन ने ट्रम्प के रूस जैसी तकनीक



होने के दावे को खारिज करते हुए ट्वीट किया, '' यह विचित्र है। हमारा कोई परमाणु ऊर्जा वाला क्रूज मिसाइल कार्यक्रम नहीं है।'' गौरलतब है कि गत गुरुवार को रूस में नए रॉकेट इंजन के परीक्षण के दौरान हुए विस्फोट में पांच परमाणु इंजीनियरों की जान चली गई थी। वहीं, इस घटना ने विकिरण फैलने के खतरे और गोपनीय तरीके से चलाए जा रहे हथियार कार्यक्रम पर सवाल खड़े कर दिए।

# रूस ने रॉकेट विस्फोट में मारे गए 5 परमाणु इंजिनियरों को अंतिम विदाई दी

**मॉस्को।** रूस में नए रॉकेट इंजन के परीक्षण के दौरान हुए विस्फोट में मारे गए 5 परमाणु इंजिनियरों का अंतिम संस्कार किया गया। इंजिनियरों को अंतिम विदाई देने के लिए हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। हालांकि, इस घटना ने विकिरण फैलने के खतरे और गोपनीय तरीके से चलाए जा रहे हथियार कार्यक्रम पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पिछले सप्ताह मारे गए इंजिनियरों का अंतिम संस्कार सोमवार को सारोव में किया गया।



इस स्थान पर ही रूस का प्रमुख परमाणु हथियार अनुसंधान केन्द्र हैं और ये लोग यहीं काम करते थे। रक्षा मंत्रालय ने अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट में कहा था कि न्योनोक्सा गांव के निकट नौसैनिक परीक्षण स्थल में हुए विस्फोट में 2 लोग मारे गए हैं और 6 लोग घायल हुए हैं। बाद में सरकारी रोसाटोम परमाणु निगम ने अपने 5 कर्मियों के मारे जाने की जानकारी दी। अब भी हताहतों की संख्या स्पष्ट नहीं है।

नजदीकी 1,83,000 आबादी वाले सेवरोदविंस्क शहर के अधिकारियों ने विस्फोट के बाद विकिरण के स्तर में बढ़ोतरी की बात कही। उन्होंने साथ ही यह भी कहा कि इससे स्वास्थ्य को कोई खतरा नहीं है। रक्षा मंत्रालय का दावा है कि कोई विकिरण नहीं फैला है। इन सब के बीच स्थानीय लोग आयोडाइड खरीदने लगे हैं। यह विकिरण के संपर्क में आने से पहुंचे नुकसान को कम करता है।

सेवरोदविंस्क शहर प्रशासन ने कहा है कि गुरुवार को करीब 30 मिनट के लिए विकिरण का स्तर बढ़ कर 2 माइक्रोसीवर्ट प्रति घंटा हो गया था, जो बाद में क्षेत्र के सामान्य स्तर 0.1माइक्रोसीवर्ट प्रति घंटे पर लौट आया।

# लोकतंत्र के खिलाफ लड़ाई लड़ने वाली महिला कमांडोंज अब फहरायेंगी तिरंगा

**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के आदिवासी बाहुल्य बस्तर के बीहड़ों में कभी लोकतंत्र के खिलाफ लड़ाई लड़ने वाली महिलाएं भी इस बार स्वतंत्रता दिवस के परेड में सम्मिलित होंगी और लोकतंत्र के इस महापर्व का हिस्सा बनेंगी। हालांकि इन सभी महिलाओं का लोकतंत्र के विरूद्ध लड़ाई लडने की वजह अलग-अलग रही है, लेकिन अब इनकी जिंदगी का केवल एक ही मकसद है और वह है नक्सलवाद के खात्मे का।



दरअसल छत्तीसगढ़ के लिए नक्सल समस्या चिंता का विषय बनी रही है, लेकिन इसके विपरीत ही सरकार ने नक्सल पुनर्वास नीति की भी शुरूआत की थी, जिसके बेहतर परिणाम भी मिले हैं। पहले लोकतंत्र के खिलाफ हथियार उठाने वाले लोग अब लोकतंत्र को बचाने हथियार उठा चुके हैं, या यूं कहें तो शासन की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर आत्मसमर्पित महिला नक्सलियों की एक प्लाटून बना उन्हें भी नक्सल विरोधी अभियान में शामिल किया गया था और टीम को डीएसपी नंद कमांड कर रही हैं। इन महिलाओं को प्रशिक्षण के बाद दक्षिण बस्तर के बीहड़ जंगलों में उतारा गया है, जिनका नाम दंतेश्वरी फाईटर रखा गया है.

पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अभिषेक पल्लव के मुताबिक इस बार आजादी के महापर्व में दंतेश्वरी फाईटर की एक प्लाटून बीहड़ जंगलों से निकलकर आजादी के जश्न में शरीक होगी और परेड का हिस्सा बनेंगी, जिसकी तैयारी पूरी हो चुकी है।

इसके अलावा सबसे अहम बात यह है कि इस पूरी परेड की कमांड महिला डीएसपी दंतेश्वरी नंद बतौर कमांडर तथा एएसआई अनिता मेश्राम परेड टूआईसी के तौर पर लिड करेंगी। इन्ही के कमांड पर पूरे 14 दल परेड कर राष्ट्रध्वज को सलामी देंगे और इस तरह महिला सशक्तिकरण की एक झलक दक्षिण बस्तर के जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा में देखने को मिलेगा।

# रेसलर बबीता पिता महावीर फोगाट संग बीजेपी में शामिल

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** हरियाणा में विधानसभा चुनाव से पहले महावीर फोगाट और उनकी रेसलर बेटी बबीता फोगाट जेजेपी का दामन छोड़कर सोमवार को बीजेपी में शामिल हो गए। बबीता और महावीर फोगाट ने केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू की मौजूदगी में बीजेपी का हाथ थामा। इस दौरान बीजेपी के नेता अनिल जैन, रामबिलास शर्मा और अनिल बलूनी भी मौजूद रहे। ऐसी चर्चा है कि महावीर या बबीता फोगाट को बीजेपी विधानसभा का टिकट भी दे सकती है।



बबीता फोगाट ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद बीजेपी सरकार की तारीफ भी की थी। उन्होंने बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और गृह मंत्री अमित शाह के एक भाषण को भी रिट्वीट किया था जिसमें उन्होंने कहा था कि मेरे मन में जरा भी कन्फ्यूजन नहीं था कि अनुच्छेद 370 हटना चाहिए या नहीं। मैं मानता हूं कि 370 से देश और कश्मीर का भला नहीं हुआ। इसे बहुत पहले ही हट जाना चाहिए था। 370 हटने के बाद कश्मीर में आतंकवाद खत्म होगा और कश्मीर विकास के मार्ग पर आगे बढ़ेगा।

बबीता फोगाट ने अनुच्छेद 370 में किए गए हालिया बदलाव की तारीफ की थी। बबीता ने हरियाणा पुलिस के इंस्पेक्टर पद से इस्तीफा दे दिया है। जेजेपी में बबीता फोगाट के पिता महाबीर फोगाट स्पोर्ट विंग का चार्ज संभाल रहे थे।